लोक सभा अध्यक्ष ने ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नयी दिल्ली; 21 अप्रैल, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी है।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा:

'ईद-उल-फितर के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई

ईद उत्सव, भाईचारे और खुशी का त्योहार है। यह त्योहार सभी बाधाओं को दूर करे और सभी के जीवन को प्यार, उत्सव, आनंद, समृद्धि और सद्भाव से भर दे।

आइये इस दिन हम समाज के हाशिये पर खड़े हुए लोगों के कल्याण लिए भी अपने समर्पण को दोहरायें।

सभी को ईद मुबारक।'